

सत्यमेव जयते
विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
POWER
साप्ताहिक
सूचना पत्र
दिनांक 7.08.2026 से 14.08.2026
श्री मनोहर लाल
माननीय केंद्रीय विद्युत तथा आवासन
एवं शहरी कार्य मंत्री


विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
**POWER**


सत्यमेव जयते


**13 अगस्त, 2026**

# विद्युत मंत्रालय द्वारा पिछले हफ्ते की अधिकतम बिजली की मांग बिना किसी कमी के पूरी की गई।

नीचे दिया गया चार्ट 7 अगस्त से 13 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन पूरी की गई अधिकतम बिजली मांग और दर्ज की गई बिजली की कमी को दर्शाता है।











डेटा नोट: दैनिक अधिकतम मांग के मानक 1-मिनट SCADA ट्रेंड से प्राप्त किए गए हैं; 13 अगस्त की साप्ताहिक अधिकतम मांग 247.84 GW रही।

## साप्ताहिक अधिकतम मांग के समय कुल विद्युत उत्पादन



| Generation source | Generation (GW) | Share of Total generation (%) |
|---|---|---|
| Gas / Liquid fuel | 1.82 | 0.7% |
| Hydro | 26.18 | 10.5% |
| Nuclear | 6.48 | 2.6% |
| Coal and Lignite | 140.65 | 56.4% |
| Wind | 20.90 | 8.4% |
| Solar | 50.52 | 20.3% |
| Storage (PSP&BESS) | 0.84 | 0.3% |
| Others | 1.93 | 0.8% |
| TOTAL | 249.32 | 100.0% |



दक्षिणी क्षेत्र में, Peak Demand की पूर्ति और ऊर्जा खपत, दोनों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 21.05% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

7.08.2026 से 14.08.2026

विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
**POWER**

सत्यमेव जयते

**11 अगस्त, 2026**

# "केरल के विद्युत क्षेत्र को और सुदृढ़ करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं" : केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल

केरल सरकार में विद्युत, पर्यावरण, संसदीय कार्य एवं ANERT के माननीय मंत्री श्री सनी जोसफ ने माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल से उनके आवास पर मुलाकात की।





दोनों मंत्रियों के बीच केरल के विद्युत क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इनमें अतिरिक्त बिजली आवंटन एवं मौजूदा 282 मेगावाट के आवंटन के विस्तार, 500 मेगावाट SHAKTI कोयला आवंटन को परिचालित करने, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) के लिए VGF सहायता, HTLS कंडक्टर के माध्यम से ट्रांसमिशन उन्नयन के लिए PSDF सहायता, रायगढ़–पुगलूर–त्रिशूर HVDC प्रणाली को राष्ट्रीय परिसंपत्ति का दर्जा एवं PSDF फंडिंग तथा पश्चिमी घाट के ESA क्षेत्रों में हाइड्रो/PSP परियोजनाओं को छूट देने जैसे विषय शामिल रहे।

श्री मनोहर लाल ने आश्वस्त किया कि केरल सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर शीघ्रता से विचार किया जाएगा और विद्युत मंत्रालय द्वारा हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, "केरल के विद्युत क्षेत्र को और सुदृढ़ करने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।"

विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
**POWER**

सत्यमेव जयते

# RBI की अपर लेयर NBFC सूची में शामिल हुई REC, वित्तीय क्षेत्र में बढ़ती साख और महत्त्व को मिली मान्यता

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने REC लिमिटेड को चार नई सरकारी वित्तीय संस्थाओं के साथ अपर लेयर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC-UL) की श्रेणी में शामिल किया है। यह निर्णय वित्तीय क्षेत्र में REC के बढ़ते आकार, सुदृढ़ प्रदर्शन और प्रणालीगत महत्त्व को मान्यता प्रदान करता है। इसके साथ ही कंपनी अब उन्नत नियामकीय निगरानी के दायरे में आएगी।



RBI ने 6 अगस्त को अपर लेयर NBFCs की नवीनतम सूची जारी की, जिसमें कुल 17 संस्थाओं को शामिल किया गया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पिछली सूची में यह संख्या 15 थी। REC लिमिटेड के साथ पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (PFC), इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन (IRFC) और हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (HUDCO) को भी पहली बार इस सूची में स्थान मिला है।

REC के लिए यह उपलब्धि भारत के वित्तीय तंत्र में उसकी बढ़ती भूमिका और महत्त्व का प्रतीक है। देश के ऊर्जा एवं अवसंरचना क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली अग्रणी संस्था के रूप में REC महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण में अहम योगदान दे रही है और भारत की विकास यात्रा को गति प्रदान कर रही है।

विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
**POWER**

# CEA ने विद्युत क्षेत्र में व्यापक साइबर सुरक्षा ढांचे के लिए साइबर सिक्योरिटी विनियम, 2026 अधिसूचित किए

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (CEA) ने 31 जुलाई, 2026 को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत क्षेत्र में साइबर सुरक्षा) विनियम, 2026 अधिसूचित किए है। इन विनियमों का उद्देश्य विद्युत क्षेत्र में एक व्यापक साइबर सुरक्षा ढांचा सुनिश्चित करना है। साथ ही, एक निर्धारित परिवर्तन की अवधि का प्रावधान किया गया है, ताकि क्षेत्र के विकास को प्रभावित किए बिना व्यवस्थित तरीके से इनका अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।







ये विनियम विद्युत क्षेत्र की उन संस्थाओं पर लागू होंगे जो आपस में जुड़े विद्युत तंत्र से संबंधित ऑपरेशनल टेक्नोलॉजी (OT) इंफ्रास्ट्रक्चर और उससे भौतिक या तार्किक रूप से जुड़े आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर का स्वामित्व, संचालन या प्रबंधन करती हैं। इनमें विद्युत उत्पादन कंपनियां, 50 मेगावाट या उससे अधिक क्षमता वाले कैप्टिव जनरेटिंग प्लांट एवं एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, ट्रांसमिशन एवं वितरण लाइसेंसधारी, नेशनल लोड डिस्पैच सेंटर (NLDC), रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर (RLDC), स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (SLDC), पावर एक्सचेंज तथा ओवर-द-काउंटर (OTC) प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, ये विनियम प्रोस्यूमर्स के स्वामित्व वाले डिस्ट्रीब्यूटेड जनरेशन रिसोर्सेज (DGRs) के मूल उपकरणों या नियंत्रण प्रणालियों से संबंधित हार्डवेयर, फर्मवेयर अथवा सॉफ्टवेयर के निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं पर भी लागू होंगे।

ये विनियम देश के विद्युत क्षेत्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की साइबर सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

**13 अगस्त, 2026**

# NTPC ने Brandon Hall Group HCM Excellence Awards 2026 में 8 पुरस्कार जीते, मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्टता को मिली वैश्विक पहचान




NTPC ने वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अमेरिका स्थित Brandon Hall Group HCM (Human Capital Management) Excellence Awards 2026 में 8 पुरस्कार जीते हैं। यह सम्मान मानव संसाधन प्रबंधन, नेतृत्व विकास, प्रतिभा प्रबंधन, सीखने, कर्मचारी कल्याण और कार्यबल परिवर्तन के क्षेत्र में NTPC की उत्कृष्ट पहलों को मान्यता देता है।

NTPC को निम्नलिखित श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए:

1. गोल्ड: सर्वश्रेष्ठ विविधता, समानता, समावेशन एवं अपनत्व रणनीति (Best Diversity, Equity, Inclusion and Belonging Strategy)
2. गोल्ड: सर्वश्रेष्ठ विशिष्ट या नवोन्मेषी लर्निंग एवं डेवलपमेंट कार्यक्रम (Best Unique or Innovative Learning and Development Program)
3. गोल्ड: व्यक्तिगत विकास योजना में सुधार हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम (Best Program to Improve Individual Development Planning)
4. गोल्ड: लर्निंग के लिए गेम्स या सिमुलेशन के सर्वश्रेष्ठ उपयोग (Best Use of Games or Simulations for Learning)
5. गोल्ड: सर्वश्रेष्ठ लर्निंग एक्सपीरियंस प्लेटफॉर्म (LXP) कार्यान्वयन (Best Learning Experience Platform – LXP Implementation)
6. सिल्वर: सर्वश्रेष्ठ विशिष्ट या नवोन्मेषी HR कार्यक्रम (Best Unique or Innovative HR Program)
7. ब्रॉन्ज: सर्वश्रेष्ठ उत्तराधिकार एवं करियर प्रबंधन (Best Succession and Career Management)
8. ब्रॉन्ज: सर्वश्रेष्ठ एसोसिएशन प्रोफेशनल डेवलपमेंट कार्यक्रम (Best Association Professional Development Program)

'मानव पूंजी प्रबंधन के ऑस्कर पुरस्कार' के रूप में व्यापक रूप से प्रतिष्ठित Brandon Hall Group HCM Excellence Awards उन संस्थाओं को सम्मानित करते हैं, जो नवोन्मेषी कर्मचारी-केंद्रित पहलों और व्यवसाय के अनुरूप HR रणनीतियों के माध्यम से प्रभावी एवं मापनीय परिणाम हासिल करती हैं।

इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर NTPC का यह शानदार प्रदर्शन उसके सुदृढ़ HR सिस्टम, प्रगतिशील कर्मचारी-केंद्रित नीतियों तथा प्रतिभाओं को निखारने और भविष्य के लिए सक्षम कार्यबल तैयार करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**11 अगस्त, 2026**

# SJVN ने 75 मेगावाट जमुई सौर ऊर्जा परियोजना का वाणिज्यिक संचालन शुरू किया, बिहार को मिलेगी किफायती, स्वच्छ और हरित बिजली

SJVN ने 11 अगस्त, 2026 को बिहार के जमुई जिले में स्थित 75 मेगावाट जमुई सौर ऊर्जा परियोजना का वाणिज्यिक संचालन दिवस (COD) सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। इस परियोजना का क्रियान्वयन SJVN की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी SJVN Green Energy Limited (SGEL) के माध्यम से किया गया है।



75 मेगावाट क्षमता वाली यह परियोजना संचालन के पहले वर्ष में लगभग 9 करोड़ यूनिट बिजली उत्पन्न करेगी, जबकि 25 वर्षों की अवधि में लगभग 3,522 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का अनुमान है।

लगभग 300 एकड़ में विकसित इस परियोजना का निर्माण बिहार के जमुई जिले में काकनचौर के निकट हदहदिया गांव में सीधे खरीदी गई भूमि पर किया गया है। परियोजना की अनुमानित लागत ₹342 करोड़ है।

परियोजना से उत्पन्न बिजली की टैरिफ दर ₹2.96 प्रति यूनिट निर्धारित की गई है। यह प्रतिस्पर्धी दर उपभोक्ताओं को किफायती, स्वच्छ एवं हरित बिजली उपलब्ध कराने में सहायक होगी। परियोजना से उत्पन्न बिजली की आपूर्ति बिहार राज्य को की जाएगी।

यह परियोजना अनुमानित रूप से 82,250.74 टन कार्बन उत्सर्जन को कम करने में योगदान देगी। साथ ही, इससे लगभग 15-20 प्रत्यक्ष और 50-100 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं, जिससे हरित रोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय की आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

11 अगस्त, 2026

# EESL ने ऊर्जा-कुशल HVAC परियोजना के लिए MNIT जयपुर के साथ समझौता किया

Energy Efficiency Services Limited (EESL) ने 11 अगस्त, 2026 को Malaviya National Institute of Technology (MNIT), जयपुर के साथ एक Definitive Agreement पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत MNIT परिसर में VRV/VRF तकनीक आधारित ऊर्जा-कुशल HVAC प्रणाली के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और व्यापक वार्षिक रखरखाव का कार्य किया जाएगा।



EESL इस परियोजना को उपयुक्त विक्रेताओं/ठेकेदारों के प्रतिस्पर्धी चयन के माध्यम से क्रियान्वित करेगा तथा 5 वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव सेवा (AMC) भी प्रदान करेगा।

यह परियोजना MNIT को आधुनिक और ऊर्जा-कुशल HVAC इंफ्रास्ट्रक्चर की ओर बढ़ने में सक्षम बनाएगी। इससे थर्मल कम्फर्ट में सुधार के साथ बिजली की खपत को अनुकूलित करने में मदद मिलेगी।

परियोजना से ऊर्जा संरक्षण, बिजली की खपत में कमी और उससे जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में योगदान मिलने की उम्मीद है। साथ ही, यह ऊर्जा-कुशल HVAC तकनीकों के उपयोग को भी बढ़ावा देगी।

विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
POWER

सत्यमेव जयते

7 अगस्त, 2026

# कोलकाता में ADEETIE योजना को मिला प्रोत्साहन

ADEETIE योजना के तहत जागरूकता एवं पहुंच गतिविधियों के क्रम में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) ने The Bengal Chamber of Commerce & Industry (BCCI) के सहयोग से 7 अगस्त, 2026 को कोलकाता स्थित BCCI Chambers में फाउंड्री और लेदर क्षेत्र के हितधारकों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया।




इस संवाद के माध्यम से प्रतिभागी उद्यमों को ADEETIE के तहत उपलब्ध वित्तीय प्रोत्साहनों एवं सहयोगात्मक सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। वहीं, BEE ने प्रौद्योगिकी अपनाने, वित्त तक पहुंच, ऊर्जा ऑडिट और परियोजना कार्यान्वयन से जुड़े क्षेत्र-विशिष्ट सुझाव एवं फीडबैक प्राप्त किए।

विद्युत मंत्रालय की एक प्रमुख पहल, ADEETIE (Assistance in Deploying Energy Efficient Technologies in Industries & Establishments) योजना को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के MSME क्षेत्र में ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में तेजी लाना है।

बैठक में ऊर्जा दक्षता में निवेश के लिए मजबूत इकोसिस्टम विकसित करने और योजना में MSMEs की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा हुई।

बैठक का समापन सकारात्मक माहौल में हुआ। प्रतिभागियों ने कोलकाता के फाउंड्री और लेदर क्लस्टरों में ADEETIE से जुड़ी गतिविधियों के संचालन एवं समन्वय के लिए क्लस्टर स्तर पर एक कार्य समूह (Working Group) के गठन को व्यापक समर्थन दिया। इससे हितधारकों की भागीदारी को मजबूत करने और ऊर्जा-कुशल तकनीकों को व्यापक स्तर पर अपनाने में मदद मिलेगी।


विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF
POWER
सत्यमेव जयते
Office of
Manohar Lal